दैनिक जागरण inext

PAGE NO 04 MIDDLE

# मनाया गया रिद्धिमा का स्थापना दिवस



bareilly@inext.co.in

**BAREILLY (8 Feb):** रिद्धिमा में शनिवार को चौथा स्थापना दिवस उत्साह संग मनाया गया. इस अवसर पर स्टूडियो के साथ फोटोग्राफी कोर्स की शुरुआत की गई. कार्यक्रम में गायन गुरुओं ने सरस्वती वंदना व संस्थान गीत प्रस्तुत किया. कथक और भरतनाट्यम के गुरुओं और शिष्यों ने अरज सुनो बनवारी ...फ्यूजन पर प्रतिभा प्रदर्शन किया. थिएटर गुरु विनायक श्रीवास्तव व विद्यार्थियों ने हास्य नृत्य नाटक छींक प्रस्तुत किया. स्टूडियो का शुभारंभ कर एसआरएमएस ट्रस्ट के चेयरमैन देव मूर्ति व आदित्य मूर्ति ने समाजसेवी राम मूर्ति को याद किया. कहा कि बाबूजी की 115वीं जयंती है. उनके संगीत के प्रति लगाव से प्रेरित होकर तीन वर्ष पूर्व नृत्य, संगीत, कला, अभिनय को समर्पित रिद्धिमा की स्थापना की गई. विजुअल आर्ट को बढ़ावा देने के लिए फोटोग्राफी कोर्स आरंभ किया गया है. यहां तीन व छह माह का प्रशिक्षण दिया जाएगा. रिद्धिमा में अब तक 120 नाटक मंचन हुए हैं. उषा गुप्ता ने फाइन आर्ट्स प्रदर्शनी का उद्घाटन किया.